प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.05.2026 (दोपहर–1455 बजे)

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची में आज दूसरे दिन भी विभागों की समीक्षा बैठक करेंगे। वे आज स्कूली शिक्षा साक्षरता और महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक विभाग की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज विभिन्न सरकारी विभागों के काम का लेखा–जोखा लेंगे और अधिकारियों को काम में तेजी लाने के आवश्यक निर्देश भी देंगे।

****

पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा ने आज नई दिल्ली में अपनापन– नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव नामक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिखी गई है। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके दशकों के अनुभव पर आधारित है।

****

झारखंड रेल पुलिस के आईजी माइकल राज एस और डीआईजी आलोक प्रियदर्शी ने चांडिल रेल थाने का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने थाने के कागजात, मालखाना और हाजत को देखा। उन्होंने पुराने मामलों को जल्दी निपटाने के निर्देश दिए। अफसरों ने जवानों से बात कर उनकी रहने और खाने की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने पर जोर दिया।

****

सिमडेगा में आज हजारों रामभक्तों ने सड़कों पर उतरकर भारी विरोध–प्रदर्शन किया। लोग प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री रामरेखा धाम को पर्यटन स्थल बनाने का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव ने कहा कि पर्यटन स्थल बनने से धाम की पवित्रता भंग होगी। इसे सिर्फ धार्मिक स्थल ही रहने दिया जाए।

****

केंद्र सरकार के बारह वर्षों के काम से सिमडेगा की महिलाओं के जीवन में बड़ा सुधार आया है। खासकर, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए बड़ा सहारा बनी है। मुफ्त गैस मिलने से महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिली है। इससे उनके स्वास्थ्य और समय दोनों की बचत हो रही है। सिमडेगा की रहने वाली रेणु देवी ने इस मदद के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया है।

****

रामगढ़ पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के सात कुख्यात शूटरों को गिरफ्तार किया है। एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि ये अपराधी पतरातू इलाके में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे थे। पुलिस ने छापेमारी कर इन्हें दबोच लिया। पकड़े गए अपराधियों के पास से एक लोडेड पिस्तौल, 34 जिंदा कारतूस और तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

****

सऊदी अरब में वार्षिक हज यात्रा का सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण दिन आज अराफ़ात का दिन है। दुनिया भर से लाखों मुसलमान जुलहिज्जाण की नौ तारीख को मक्का के पास अराफ़ात के मैदान में इकट्ठा हुए हैं ताकि वे हज की प्रमुख रस्म अदा कर सकें। जायरीन अराफ़ात में अपना पूरा दिन नमाज और दुआओं में बिता रहे हैं।

****

राज्य में मौसम का दोहरा रुप देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू और चतरा में भीषण लू चलने का औरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं धनबाद, बोकारो और रांची समेत कई जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश होने और पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका व्यक्त की गयी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य के दक्षिणी, उत्तर–पूर्वी और आसपास के मध्य भागों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। हालांकि गढ़वा और पलामू में लू का असर बरकरार रह सकता है। इन इलाकों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

****